**आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक : 17.11.25** **समय : 07.10 pm**

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में राज्य स्तरीय युवा उत्सव का किया उद्घाटन।
- कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए अनुसंधान पर अधिक निवेश की जरूरत,कहा केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने।
- राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन कल से भोपाल में, मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ।
- प्रदेश में अगले दो दिन शीतलहर का अलर्ट, कई जिलों में स्कूलों के समय में परिवर्तन।

**अब समाचार विस्तार से:–**

**युवा उत्सव**

मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने आज भोपाल के रविन्द्र भवन में दो दिवसीय 29वें राज्य स्तरीय युवा उत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में युवाओं को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहन देकर लाभांवित किया जा रहा है।

कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि युवाओं को आर्थिक और सामाजिक रुप से सुद्वढ़ बनाने के लिए कई प्रयास किये जा रहे है।

**एशियन सीड कॉन्ग्रेस**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मुंबई में एशियन सीड कॉन्ग्रेस 2025 को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत को कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए अनुसंधान और विकास पर अधिक निवेश की जरूरत है। श्री चौहान ने कृषि में रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग पर अपनी चिंता व्यक्त की । उन्होंने बताया कि सरकार ने बीजों की ट्रेसबिलिटी के लिए 'साथी' पोर्टल तैयार किया है और कंपनियों से इस पर 100 प्रतिशत ऑनबोर्डिंग करने की अपील की। मंत्री चौहान ने कहा कि सीड कांग्रेस का उद्देश्य एशियाई देशों के बीच बीज गुणवत्ता और तकनीकी सहयोग को मजबूत करना है, जिससे कृषि का क्षेत्र अधिक सक्षम बन सके ।

**आसियान–भोपाल यात्रा**

आसियान राजनयिकों का एक प्रतिनिधिमंडल कल से भोपाल की तीन दिन की यात्रा पर रहेगा। यात्रा का उद्देश्य मध्यप्रदेश और दक्षिण–पूर्व एशियाई देशों के बीच आर्थिक, औद्योगिक, निवेश और सांस्कृतिक संबंधों को मज़बूत करना है।

यह प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात करेगा। वे राज्य के निवेश–अनुकूल वातावरण और औद्योगिक नीतियों पर एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में आसियान देशों के साथ साझेदारी के अवसरों पर भी चर्चा की जाएगी। वे भोपाल में एक व्यापार और निवेश संगोष्ठी में भी भाग लेंगे। राज्य के प्रमुख उद्योगपति, व्यावसायिक मंडल और प्रमुख निवेशक इसमें शामिल होंगे।

**भावांतर योजना**

भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए आज 4 हजार 236 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी।

## राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी–भोपाल

युवा पीढ़ी में विज्ञान के प्रति रुचि और वैज्ञानिक विचार विकसित करने उद्देश्य से कल से 52वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल में किया जा रहा है। 6 दिवसीय इस प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। प्रदर्शनी में 31 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के लगभग 900 विद्यार्थी एवं शिक्षक विज्ञान पर केन्द्रित प्रोजेक्ट एवं मॉडल प्रदर्शित करेंगे।

## जीएसटी–सुधार बिहार

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जीएसटी दर कम करने के साथ ही 22 सितम्बर से जीएसटी बचत उत्सव शुरू हुआ। इससे देशभर के नागरिकों को लाभ हुआ। आज हम बात करते हैं कि कैसे अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार बिहार की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे रहे हैं।

## राष्ट्रीय पुरस्कार

19वाँ डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर राष्ट्रीय पुरस्कार से पद्मश्री यशोधर मठपाल को सम्मानित किया जाएगा। श्री मठपाल को प्रशस्ति पत्र, सम्मान पट्टिका और 2 लाख रुपये प्रदान किए जायेगे। यह पुरस्कार किसी सक्रिय भारतीय नागरिक या संस्था को पुरातत्व के क्षेत्र में उनकी सृजनात्मक, रचनात्मक और विशिष्ट उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। पुरातत्व आयुक्त उर्मिला शुक्ला ने बताया कि आगामी 9 से 11 जनवरी तक कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में "पुरातत्व, अभिलेखागार और संग्रहालय एक राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी का आयोजन करने जा रहा है।

## आलमी तबलीगी इज्तिमा

भोपाल के इटखेड़ी में चल रहे चार दिवसीय आलमी तबलीगी इज्तिमा का आज दुआ–ए–ख़ास के साथ समापन हो गया। दिल्ली मरकज के प्रमुख और इज्तिमा के मुख्य वक्ता मौलाना साद ने पूरे आलम में अमन चैन की दुआ करवाई।

## मौसम

उत्तर भारत में बर्फबारी की वजह से प्रदेश में कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित हुआ है। प्रदेश में अगले दो दिन शीतलहर का अलर्ट है। इसे देखते हुए कई जिलों में स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। सीहोर और कटनी जिले में ठंड से बचाव के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं।

## सूचना और प्रसारण - दरों में संशोधन

**केन्द्र सरकार ने प्रिंट मीडिया में विज्ञापनों की दरों में 26 प्रतिशत की बढोतरी की है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा है कि दैनिक समाचार पत्रों की एक लाख प्रतियों के लिए प्रति वर्ग सेंटीमीटर ब्लैक एंड व्हाइट विज्ञापन की दरें 47 रुपये 40 पैसे से बढ़ाकर 59 रुपये 68 पैसे कर दी गई हैं।**

**अब कुछ समाचार संक्षेप में –**

- नीमच  जिले में कलेक्टर द्वारा अभिनव पहल पंख अभियान के तहत बांछड़ा समुदाय के लोगों को स्वरोजगार से जोड़कर सम्मानजनक जीवन जीने एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से निरंतर कार्य किये जा रहे हैं।
- निवाड़ी जिले के ओरछा में आज से दो दिवसीय स्टोरी टेलिंग कार्यशाला का शुभारंभ हुआ।
- शिवपुरी और बैतूल जिले में राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन कल किया जाएगा।
- शहडोल जिले में विश्व मत्स्य दिवस के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय फिश प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।
- आगरमालवा जिला मुख्यालय पर लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पर आज पदयात्रा, एकता मार्च रैली निकाली गई।
- सीहोर में आज कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित टीएल बैठक में समय-सीमा वाले और सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई।
- **अशोकनगर** कलेक्टर की अध्यक्षता में आज लखपति दीदी इनिशिएटिव कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय संचालन एवं मार्गदर्शन समिति की बैठक आयोजित की गई।
- भोपाल में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस आयुक्त ने शहर में नए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। अब बिना अनुमति-किसी भी तरह का धरना, जुलूस, रैली का आयोजन नहीं किया जा सकेगा।